हिन्दी साप्ताहिक

RNI. No. MPHIN/2021/85636

# भुआणा की माटी

संपादकः- लोमेश कुमार गौर

साप्ताहिक भुआणा की माटी में रचनायें लेख कवितायें एवं विज्ञापन प्रकाशनार्थ आमंत्रित है।

वर्ष-05 अंक-02 | हरदा, बुधवार 09 अप्रैल-2025 | पृष्ठ-08 मूल्य 05 रूपये

## केंद्रीय मंत्री उईके ने हंडिया में दुर्घटना से प्रभावित परिवारों से भेंट की

# बनासकांठा विस्फोट दुर्घटना के प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद की जाएगी



**हरदा।** भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने मंगलवार को हंडिया पहुंचकर गुजरात के बनासकांठा जिले में गत दिनों हुई विस्फोट दुर्घटना के प्रभावित परिवारों से भेंट की और उन्हें आश्वस्त किया कि शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत सभी पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार सभी प्रभावित परिवारों के साथ है। केंद्रीय मंत्री उइके ने कहा कि स्थानीय स्तर पर इन परिवारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि इन परिवारों के जो सदस्य पढ़े लिखे हों, उन्हें सरकार की स्वरोजगार योजनाओं के तहत स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए ऋण दिलाया जाए। स्थानीय ग्रामीणजनों ने हंडिया के फोकटपुरा मोहल्ले में सड़क निर्माण की मांग की, जिस पर कलेक्टर सिंह ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को इस संबंध में निर्देश दिये। इस अवसर पर कलेक्टर सिंह ने मंत्री उईके को बताया कि इस दुर्घटना में मजदूर परिवारों के कुल 11 सदस्यों की मृत्यु हो गई थी। इन सभी 11 मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री सहायता कोष से 2-2 लाख रुपए तथा गुजरात शासन की ओर से कुल 4-4 लाख रुपए की मदद स्वीकृत की जा चुकी है। इसके अलावा सभी 11 मृतकों के परिजनों को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान की राशि से 2-2 लाख रुपए की मदद दी जा चुकी है। इसके साथ ही संबल अनुग्रह योजना से कुल 3 मृतक श्रमिकों के परिवारों को 4-4 लाख रुपए की मदद भी दी जा चुकी है। कलेक्टर सिंह ने बताया कि संबल योजना के तहत पंजीबद्ध 8 मृतक मजदूरों के परिजनों को अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5-5 हजार रुपए की सहायता भी दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि 2 घायल मजदूरों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 50-50 हजार रुपए तथा गुजरात सरकार की ओर से 50-50 हजार रुपए की सहायता देने की कार्यवाही जारी है। कलेक्टर सिंह ने बताया कि दोनों घायल मजदूर को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 50-50 हजार रुपए की मदद दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रभावित परिवारों में से राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत पात्र पाए गए 2 परिवारों को 20-20 हजार रुपए स्वीकृत करने की कार्यवाही भी की जा रही है। कलेक्टर सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत पात्र पाए गए दो मृतक श्रमिकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत करने की कार्यवाही भी जारी है। इन दुर्घटना प्रभावित परिवारों में से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2 परिवार पात्र पाए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास प्लस 2.0 योजना के तहत इन दोनों परिवारों के प्रधानमंत्री आवास के प्रकरण तैयार किये जा रहे हैं। कलेक्टर सिंह ने बताया कि इन प्रभावित परिवारों के 2 बच्चों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों के संरक्षण हेतु संचालित स्पॉन्सरशिप योजना के तहत उनके निकटतम परिजनों को संरक्षक घोषित करते हुए 4-4 हजार रुपए प्रतिमाह की मदद करने की कार्यवाही भी की जा रही है। सभी प्रभावित परिवारों के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था भी जिला प्रशासन कर रहा है।

# पटाखा ब्लास्ट पीड़ितों को 5.42 करोड़ रुपये का मुआवजा वितरित किये

**हरदा।** गत वर्ष 6 फरवरी को हरदा के बैरागढ़ में पटाखा फैक्ट्री विस्फोट दुर्घटना के बाद शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों को अभी तक कुल 5.42 करोड़ का मुआवजा वितरित किया जा चुका है। जिसमे आरबीसी 6(4) के तहत 1 करोड़ 48 लाख, प्रधानमंत्री राहत कोष से 26 लाख एवं रेड क्रॉस से 73 लाख एवं एन.जी.टी. के आदेश के पालन में फैक्ट्री संचालको से 2 करोड़ 95 लाख की वसूली कर यह राशि भी पीड़ितों को उपलब्ध कराई जा चुकी है। कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने बताया कि पटाखा फैक्ट्री विस्फोट दुर्घटना में मृत हुए 13 व्यक्तियों के परिजनों को कुल 2.80 करोड़ की राशि का भुगतान किया जा चुका है जिसमे आरबीसी के तहत 52 लाख रूपए (4.00 लाख रुपये प्रति दिवंगत), प्रधानमंत्री एक्स ग्रेसिया से 26 लाख (2.00 लाख प्रति दिवंगत), रेड क्रॉस से 6.50 लाख (50 हजार रुपये प्रति दिवंगत) एवं फैक्ट्री संचालको से 1 करोड़ 95 लाख की वसूली की कर प्रभावित परिवारजनों को 15 लाख रूपये प्रति दिवंगत के मान से भुगतान किया जा चुका है।

### मकान क्षति के प्रभावितों को 1 करोड़ 97 लाख का मुआवजा वितरित

इंजिनियरों के दल में मकानों को शत प्रतिशत क्षति के आधार पर 2.40 करोड़ के नुकसान का आंकलन किया है। ब्लास्ट में मकान क्षति के 34 मकानों में निवासरत 57 पीड़ित परिवारों को आरबीसी के तहत 68.40 लाख (1 लाख 20 हजार प्रति परिवार) एवं 23 परिवारों को रेडक्रॉस से 46 लाख (2 लाख प्रति परिवार) की राशि का भुगतान किया जा चुका है। एन.जी.टी. के 6 मार्च के आदेश अनुसार मकानों के कुल नुकसान से पूर्व में प्रदान की गयी सहायता राशि (राजस्व पुस्तक परिपत्र एवं रेडक्रॉस) घटाकर कुल 97 लाख की राशि गत 12 मार्च को भुगतान कर दी गयी है। इस प्रकार विस्फोट से प्रभावित मकानों की कुल क्षति 2 करोड़ 40 में से 1 करोड़ 97 की राशि का भुगतान आज दिनांक तक किया जा चुका है। इन 34 विस्फोट प्रभावित मकानों में से 22 हितग्राहियों को आंकलित सम्पूर्ण क्षति का भुगतान हो गया है। एन.जी.टी. के समक्ष प्रकरण की अगली सुनवाई 29 मई को प्रस्तावित है, जिसमे आदेश प्राप्त होने शेष राशि का भुगतान कर दिया जायेगा।

### घायलों को 32 लाख का मुआवजा भुगतान

घटना में 64 गंभीर घायलों सहित कुल 301 व्यक्ति घायल हुए थे, एवं एन.जी.टी. के आदेशानुसार घायलों के उपचार में व्यय हुई राशि के भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। घायलों को कुल 32 लाख रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है, जिसमे तात्कालिक रूप से 21 लाख की राशि रेडक्रॉस से, 8 लाख की राशि आरबीसी के तहत एवं 3 लाख की राशि फैक्ट्री संचालकों से वसूली की जाकर भुगतान किया जा चुका है। शेष घायलों से उनके बैंक खाता की जानकारी मांगी गयी है, ताकि उनको भी भुगतान किया जा सकें । इसके अलावा पशु क्षति, फसल क्षति, आंशिक मकान क्षति के लिए शासन द्वारा एवं रेडक्रॉस व रोगी कल्याण समिति के माध्यम से 62 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। पटाखा ब्लास्ट के मामले में एन.जी.टी. के आदेश पर माननीय उच्च न्यायलय जबलपुर द्वारा स्थगन आदेश किया गया। गत 16 दिसम्बर 2024 को स्टे खत्म होने पर प्रकरण की सुनवाई प्रति सप्ताह एन.जी.टी. में चल रही है। कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने बताया कि सबसे पहले दिवंगत व्यक्तियों (15 लाख रूपए प्रति दिवंगत) के सम्बन्ध में निर्णय किया गया जिसका पालन किया जा चुका है और मुआवजे का भुगतान भी किया जा चुका है। इसके पश्चात मकान क्षति एवं घायलों के सम्बन्ध में सुनवाई चल रही है, जिसमे आदेश के पालन में अभी तक भुगतान कुल आंकलित मकान क्षति 2 करोड़ 40 लाख में से 1 करोड़ 97 लाख की राशि के भुगतान की कार्यवाही की गयी है। इस प्रकरण में अगली सुनवाई 29 मई 2025 को है, में शासन द्वारा पीडितो का पक्ष एवं मांग एन.जी.टी. के सामने रखा गया है। प्रकरण में निर्णय होते ही राशि का भुगतान कर दिया जायेगा।

## जवाबी कार्रवाई से व्यापार युद्ध की आशंका

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मनमाने टैरिफ हमले और चीन की जवाबी कार्रवाई से विश्व के तमाम शेयर बाजार लहूलुहान हुए हैं। कई अन्य देशों की भी जवाबी कार्रवाई के फैसले से दीर्घकालीन व्यापार युद्ध की आशंका बलवती हो गई है। जिससे पूरी दुनिया में मंदी आने की चेतावनी दी जा रही है। निश्चित तौर पर इससे आर्थिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस संशय और अनिश्चितता के चलते शेयर बाजार में बड़े पैमाने पर बिकवाली से दुनिया के तमाम शेयर बाजार धराशायी हुए हैं। निवेशकों को लाखों करोड़ का नुकसान हो रहा है। आने वाले समय में टैरिफ वॉर के और बढ़ने की आशंका है क्योंकि चीन ने नौ अप्रैल को होने वाली विश्व व्यापार संगठन की बैठक में 'नई व्यापार चिंता' के रूप में अमेरिका की टैरिफ नीति का मुखर विरोध करने का फैसला किया है। चीन का मानना है कि अमेरिका के एकतरफा संरक्षणवाद का दुनिया के देशों को विरोध करना चाहिए, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रणाली की सुरक्षा के लिये एक व्यापक गठबंधन बनाने की जरूरत बतायी है। इन हालात में प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या अंतर्राष्ट्रीय दबाव के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति टैरिफ थोपने के फैसले को वापस लेंगे? या फिर पहले की तरह टैरिफ लगाने की धौंस देते रहेंगे। वैसे इस बात की संभावना कम ही है कि जिद्दी ट्रंप अपने बढ़े कदमों को पीछे खींचेंगे। यहां सवाल यह भी है कि ट्रंप के टैरिफ का जवाब देने वाले देश पलटवार करने में कितने सक्षम हैं। वहीं भारत ने दीर्घकालीन व व्यापक हितों को देखते हुए टकराव टालने का प्रयास किया है और बातचीत का रास्ता चुना है। लेकिन इस अनिश्चितता के दौर में निवेशकों में बढ़ती असुरक्षा ने भारत सरकार पर नीतिगत फैसले लेने के लिये दबाव बनाया है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी संभावना है कि चीन व प्रतिकार करने वाले अन्य देशों के दबाव के कारण ट्रंप अपनी आक्रामक रणनीति को लंबे समय तक जारी नहीं रख पाएंगे। विडंबना यह है कि अमेरिका राष्ट्रपति के इन कदमों से खुद अमेरिका के लिये भी बड़ी आर्थिक चुनौती पैदा हो सकती है। येल विश्वविद्यालय में बजट लैब के एक विश्लेषण के अनुसार ट्रंप सरकार के प्रतिशोधात्मक टैरिफ से औसत अमेरिकी परिवार को सालाना चार हजार दो सौ डॉलर का नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# श्रीलंका के बरास्ते तमिलनाडु में मोदी व्यूह!



श्रीलंका की घरेलू राजनीति से भारत का तमिलनाडु सीधा प्रभावित नहीं होता, तो सहयोग का स्वरूप कुछ और होता। श्रीलंका की यात्रा के तुरंत बाद, रविवार को पीएम मोदी का रामेश्वरम पहुंचना, पंबन वर्टिकल रेल पुल का उद्घाटन, आखिर क्या सन्देश देता है? भारत-श्रीलंका रक्षा सहयोग विन्ची कोड की तरह हो चुका है। 'दा विंची कोड' डैन ब्राउन द्वारा 2003 में लिखा गया रहस्यपूर्ण थ्रिलर उपन्यास है। जिसमें इतिहास के चौंकाने वाले रहस्य उजागर होते हैं, जिन पर सुनियोजित ढंग से पर्दा डाला गया था। पेरिस के लूव्र म्यूज़ियम के क्यूरेटर को रहस्य मालूम था। उसकी हत्या हो जाती है। वह मरते समय लियोनार्दो द विन्ची के एक चित्र की आकृति बनाते हुए, फिबोनाकी सीरीज के नम्बरों के साथ, संकेत के रूप में छोड़ जाता है।' पूरी कहानी उस विन्ची कोड को 'डिकोड' करने में निकल जाती है। पीएम मोदी कुछ ऐसा ही विन्ची कोड कोलम्बो छोड़ आये हैं, जिसे 'डिकोड' करने में वहां का विपक्ष लग गया है। भारत से किस तरह का रक्षा सहयोग हुआ है? न विपक्ष को पता है, न वहां की मीडिया को। भारत-श्रीलंका के बीच अच्छे, और बुरे दोनों तरह के सम्बन्ध रहे हैं। राजीव गांधी के कालखंड में उभयपक्षीय संबंधों का भूस्खलन लोग भूल नहीं पाते। नई दिल्ली ने पिछले साल के राष्ट्रपति और संसदीय चुनावों से काफी पहले सही तरीके से अंदाजा लगा लिया था, कि राजनीतिक हवाएं किस दिशा में बह रही हैं। पीएम मोदी ने जल्द ही राष्ट्रपति बनने वाले अनुरा कुमार दिसानायके को भारत आने का निमंत्रण दिया, जहां उनका शानदार स्वागत हुआ। राष्ट्रपति चुने जाने के कुछ सप्ताह बाद दिसानायके ने भारत की राजकीय यात्रा की, बाद में वो चीन भी गए। श्रीलंका, निस्संदेह हिंद महासागर में भारत और चीन के बीच शक्ति प्रतिद्वंद्विता से लाभान्वित हो रहा है, जहां भारत अपनी पड़ोसी प्रथम नीति के माध्यम से लाभ चाहता है, जबकि चीन अपनी 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' के माध्यम से लाभ उठाना चाहता है। नए श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा करने के बाद, चीन की यात्रा करने का विकल्प चुनकर शक्ति संतुलन का प्रयास किया था। जनवरी, 2025 में दिसानायके ने चीन की राजकीय यात्रा की, जिस दौरान दोनों पक्षों ने चीन-श्रीलंका रणनीतिक सहकारी साझेदारी को गहरा करने और साझा करने का संकल्प किया था। श्रीलंका का अख़बार 'द आइलैंड' ने अपने सम्पादकीय में लिखा- 'उपहार के घोड़ों के मुंह पर हाथ धरे बैठे बिना, हमें हमेशा सचेत रहना चाहिए, कि मुफ़्त भोजन जैसी कोई चीज़ नहीं होती है। हमें अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए।' एक बात है, श्रीलंका की घरेलू राजनीति से भारत का तमिलनाडु सीधा प्रभावित नहीं होता, तो सहयोग का स्वरूप कुछ और होता। श्रीलंका की यात्रा के तुरंत बाद, रविवार को पीएम मोदी का रामेश्वरम पहुंचना, पंबन वर्टिकल रेल पुल का उद्घाटन, आखिर क्या सन्देश देता है? श्रीलंका के बरास्ते पीएम मोदी तमिलनाडु में व्यूह रच रहे हैं, इतनी बात तो किसी राजनीतिक विश्लेषक की समझ में आ जानी चाहिए। श्रीलंका में महो-अनुराधापुरा रेलवे सिग्नलिंग सिस्टम और नव उन्नत महो-ओमानथाई रेलवे लाइन का उद्घाटन, ऊर्जा, डिजिटलीकरण, सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ भारत की ऋण पुनर्गठन सहायता से संबंधित समझौते, सामपुर सौर ऊर्जा संयंत्र, दांबुला में 5,000 मीट्रिक टन तापमान और आर्द्रता नियंत्रित कोल्ड स्टोरेज सुविधा, और 5,000 धार्मिक स्थलों पर सौर पैनलों की स्थापना, त्रिंकोमाली को ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने, श्रीलंका में बिजली, पेट्रोलियम में कनेक्टिविटी स्थापित करने, चिकित्सा आदि के क्षेत्र में सहयोग, ये सब उस व्यूह रचना का हिस्सा है, जो श्रीलंका से तमिलनाडु तक डैमेज कंट्रोल की तरह है। प्रधानमंत्री मोदी अपने साथ कई उपहार भी लेते गए, जिनमें युद्धग्रस्त उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में सामाजिक, आर्थिक विकास के लिए लगभग 2.4 बिलियन श्रीलंकाई रुपये के पैकेज के रूप में है। शायद, यही सहयोग भाव तमिलनाडु की राजनीतिक तपोभूमि में बीजेपी का मार्ग प्रशस्त करेगा। श्रीलंका 2022 में भारत द्वारा प्रदान की गई भारी सहायता को नहीं भूल सकता, जब इस देश ने अपने समकालीन इतिहास में सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना किया था। उस समय भारत ने बहु-आयामी सहायता प्रदान की, जिसमें कई क्रेडिट लाइनों और मुद्रा समर्थन के माध्यम से 4 बिलियन डॉलर का वित्तपोषण पैकेज शामिल था, ताकि इस देश को आवश्यक आयातों को बनाए रखने और अपने ऋणों पर चूक से बचने में मदद मिल सके। लेकिन, जो बात चीन-पाकिस्तान-अमेरिका और एशिया-प्रशांत के देश जानना चाहते हैं, वो है रक्षा सहयोग। दोनों शासन प्रमुखों ने अपनी मुट्ठी नहीं खोली। प्रधानमंत्री मोदी ने 16 दिसंबर, 2024 को राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ साझा प्रेस सम्मलेन को संबोधित एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के निर्णय का खुलासा किया था, किन्तु उसका ब्योरा नहीं दिया था। हालांकि, सेवानिवृत्त एयर वाइस मार्शल संपत थुयाकोंथा, जिन्होंने रक्षा सचिव के रूप में रक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, ने कहा कि वे 2023 में रक्षा वार्ता के दौरान एक समझौता ज्ञापन के हवाले से रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर सहमत हुए हैं। फिर भी, 2023 में रक्षा वार्ता में क्या कुछ था? उसे डिकोड करना चुनौती जैसा है। इस बार, पीएम मोदी ने जो कुछ भी रक्षा समझौते में किया, उसे लेकर चीन की भृकुटियां नहीं तनी हैं। हो सकता है, ट्रंप से तनाव की वजह से राष्ट्रपति शी भारत से नरम रुख़ बनाये रखना, वक्त का तकाज़ा समझते हों। चीन इस बार निर्विकार भाव से श्रीलंका-भारत संबंधों को देख रहा है। फुतान विश्वविद्यालय में दक्षिण एशियाई अध्ययन केंद्र के उप निदेशक लिन मिनवांग ने रविवार को ग्लोबल टाइम्स से कहा, 'मोदी की श्रीलंका यात्रा का मुख्य उद्देश्य चीन से संबंधित मुद्दे नहीं थे, क्योंकि भारत-श्रीलंका द्विपक्षीय संबंध भी विभिन्न जटिल मुद्दों का सामना कर रहे हैं।' इस बार दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर सहमति-पत्र (एमओयू), 29 जुलाई, 1987 को विवादास्पद भारत-श्रीलंका शांति समझौते के लगभग 38 साल बाद आया है, जिस पर श्रीलंका के तत्कालीन राष्ट्रपति जयवर्धने और भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने हस्ताक्षर किए थे। उस समय भी समझौते की शर्तों को मंत्रिमंडल से छिपाया गया था। तब श्रीलंका की मार्क्सवाद-लेनिनवाद विचारधारा वाली वामपंथी पार्टी, जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) ने भारतीय विस्तारवाद का मुद्दा बनाया था। मगर आज, सबकुछ मीठा-मीठा है। हालांकि, फ्रंटलाइन सोशलिस्ट पार्टी और कुछ समूहों ने कोलंबो में विरोध प्रदर्शन करने की धमकी दी है। श्रीलंका, नए नेतृत्व के तहत एक नई राजनीतिक दिशा में आगे बढ़ रहा है, फिर भी, भारतीय मछुआरों द्वारा श्रीलंका के जलक्षेत्र में अवैध शिकार, और समुद्री पर्यावरण को नष्ट करना हर बार मुद्दा बनता है। इस साल अवैध शिकार के आरोप में श्रीलंका ने 140, और 2024 में 550 से ज़्यादा भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। क्या इसका कोई निर्णायक समाधान हो पाएगा?

# केंद्रीय मंत्री उइके ने पुलिस लाइन में टीन शेड का लोकार्पण किया

**हरदा।** भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने सोमवार शाम को पुलिस लाइन हरदा में आयोजित कार्यक्रम में शहीद स्मारक पर नवनिर्मित टीन शेड का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहीदों से जुड़े विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। भविष्य में भी इस तरह के कार्यों के लिए हर संभव राशि स्वीकृत की जाएगी। उन्होंने इस नेक कार्य के प्रस्ताव के लिए कलेक्टर आदित्य सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे को धन्यवाद दिया। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री पुष्पराज ने इस अवसर पर बताया कि कुल 13.22 लाख रुपए लागत से लगभग 1950 वर्ग फीट क्षेत्र में यह टीन शेड तैयार कराया गया है। कलेक्टर सिंह ने अपने संबोधन में शहीद स्मारक पर टीन शेड स्वीकृत करने के लिए मंत्री उईके का आभार प्रकट किया। पुलिस अधीक्षक चौकसे ने इस अवसर पर कहा कि शहीद स्मारक पर टीन शेड निर्माण से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में काफी सुविधा होगी।




## नागरिकों को समय सीमा में दी जा रही हैं, लोक सेवा गारंटी अधिनियम में शामिल सेवाएं

**हरदा।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम में शामिल सेवाएं जिले के नागरिकों को समय सीमा में उपलब्ध कराई जा रही हैं। कलेक्टर सिंह ने बताया कि माह अक्टूबर 2024 से अभी तक जिले में किसी भी विभाग से संबंधित कोई भी आवेदन समय सीमा से बाहर नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रति सोमवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक समीक्षा बैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम में शामिल सेवाओं के प्रदाय की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है, और अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि समय सीमा में इन आवेदनों का निराकरण करें अन्यथा अर्थ दंड लगाने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों के सामूहिक प्रयास से यह सुनिश्चित किया जा रहा है।

# मूंग सिंचाई के लिए नहर संचालन का होगा काम

## हरदा में बिना अनुमति और राशि जमा किए पंप चलाने पर होगी कार्रवाई



**हरदा।** जल संसाधन विभाग हरदा के कार्यपालन यंत्री डीके सिंह ने ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई के लिए नहर संचालन का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। इसके तहत माचक उपनहर 9 अप्रैल सुबह 6 बजे से 10 अप्रैल शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। रेवापुर सोनतलाई उपनहर 10 अप्रैल शाम 6 बजे से 12 अप्रैल सुबह 6 बजे तक बंद रहेगी। फिर माचक उपनहर 12 अप्रैल सुबह 6 बजे से 13 अप्रैल शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। रेवापुर और सोनतलाई उपनहर 13 अप्रैल शाम 6 बजे से 15 अप्रैल सुबह 6 बजे तक बंद रहेंगी। माचक उपनहर फिर से 15 अप्रैल सुबह 6 बजे से 16 अप्रैल शाम 6 बजे तक बंद रहेगी।

### डिफॉल्टर किसानों के बंद होंगे पंप

विभाग ने किसानों को सख्त निर्देश दिए हैं। बिना अनुमति और अग्रिम राशि जमा किए सिंचाई पंप नहीं चलाया जा सकेगा। ट्रैक्टर चलित और 10 एचपी से अधिक क्षमता के पंप पर प्रतिबंध रहेगा। सिंचाई राजस्व जमा न करने वाले डिफॉल्टर किसानों के सायफन या पंप बंद कर दिए जाएंगे। कार्यपालन यंत्री के अनुसार, पानी की उपलब्धता और आवश्यकता के आधार पर बड़ी उपशाखाओं के ओसराबंदी कार्यक्रम में बदलाव किया जा सकता है।

## आईटीआई में रोजगार मेला 'युवा संगम' 11 अप्रैल को लगेगा

**हरदा।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले ''युवा संगम'' का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह मेला 11 अप्रैल को प्रात: 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती की जायेगी। इस रोजगार मेले में 5 वी, 8वी, 10वी, 12वी, आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक व स्नातकोत्तर उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष तक की आयु के युवा भाग ले सकते है। जिला रोजगार अधिकारी सिलोटे ने बताया कि मेले में भाग लेने के इच्छुक युवा अपने सभी मूल दस्तावेज अंकसूची, निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड व परिचय पत्र की फोटोकॉपी, समग्र आईडी तथा 4 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित होकर मेले का लाभ प्राप्त कर सकते है। मेले में भाग लेने के लिये किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## तहसील जनसुनवाई में आए आम जनता से जुड़ी पांच समस्याओं के आवेदन

**बनखेड़ी।** जिला नर्मदा पुरम के अंतर्गत तहसील बनखेड़ी मैं पदार्थ श्रीमती अलका इक्का ने अपने कर्तव्यों के प्रति क्षेत्र के समस्त आम जनता से जुड़ी समस्याओं को लेकर अपने संबंधित कर्मचारियों से मिलकर समस्याएं जिसकी जैसी है वैसे ही हल करने में तनक भी देर नहीं करते और आम जनता की समस्याओं को अपने कर्मचारियों से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक हल करके मौका स्थल पर ही निराकरण कर दिया जाता है और उक्त समस्याओं को ज्यादा दिन तक पेंडिंग में नहीं रहने देते किसान हो या आम आदमी नियम अनुसार सभी कार्य सुचारू रूप से चलते नजर आ रहे हैं जैसा की शान द्वारा चलाई जा रही समस्या निदान निवारण जनसुनवाई प्रत्येक मंगलवार को तहसील स्तर पर लगाई जाती है जिससे क्षेत्र के लोगों को वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष न भटकना पड़े लेकिन बनखेड़ी क्षेत्र में प्रत्येक मंगलवार को तहसील कार्यालय में जनसुनवाई की जाती है उक्त जनसुनवाई में बनखेड़ी क्षेत्र से मात्र 8 अप्रैल को तहसील कार्यालय में जनसुनवाई का कार्य क्रम रखा गया था जिसमेंअनुविभागीय राजस्व पिपरिया श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव बनखेड़ी तहसीलदार श्रीमती अलका इक आई का जनपद पंचायत बनखेड़ी श्री भल्लावे नगर परिषद बनखेड़ी सीएमओ श्री निशांत श्रीवास्तव रजस्वा निरीक्षक श्री चुन्नीलाल धुर्वे शायद पटवारी दल जनसुनवाई के दौरान उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री उईके ने गौशाला का लोकार्पण किया



**हरदा।** भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने मंगलवार को ग्राम छिदगांव तमोली में 37.84 लाख रूपये की लागत से निर्मित सीताराम गौशाला का लोकार्पण किया। इस अवसर पर टिमरनी विधायक अभिजीत शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, जनपद अध्यक्ष टिमरनी श्रीमती रजनी राजेश कलम, जनपद उपाध्यक्ष अनिल वर्मा, सरपंच उत्तम सिंह राजपूत सहित अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मंत्री उईके ने गौशाला में गौ माता का विधिवत पूजन भी किया। उन्होने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि गाय माता हमें दूध, गोबर, गोमूत्र सहित बहुत कुछ देती है, हमें भी गौवंश की सेवा करनी चाहिए।

टीएल बैठक में विभागीय गतिविधियों के क्रियान्वयन सहित लंबित प्रकरणों के निराकरण के दिए गए निर्देश

# अतिकुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कराएं भर्ती: जिला पंचायत सीईओ

**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई साप्ताहिक टीएल बैठक में जिला अधिकारियों के साथ विभागीय गतिविधियों के क्रियान्वयन सहित विभागवार लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों, टीएल और जनसुनवाई पत्रों तथा समाधान ऑनलाइन के चयनित विषयों से संबंधित शत प्रतिशत प्रकरणों का समय सीमा में प्रभावी निराकरण कर अपेक्षित प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम, न्यायालयीन एवं अवमानना प्रकरणों सहित उपार्जन कार्यों की समीक्षा भी की गई। जिला पंचायत सीईओ ने न्यायालयीन मामलों में शासकीय सेवकों के विभागीय सेवा संबंधी मामलों में तत्परता पूर्वक कार्यवाही सुनिश्चित कर न्यायालय संबंधी समस्त प्रकरणों में गंभीरतापूर्वक कार्यवाही की बात कही। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में विशेषकर 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों के मामलों में विभागवार बेहतर ग्रेडिंग व कम प्रगति की स्थिति में




सुधार के संबंध में सार्थक प्रयास व प्रकरणों का निरंतर रिव्यू कर निराकरण में तेजी लाने के लिए कहा। समस्त जनपद पंचायत सीईओ को प्राथमिकता से श्रम विभाग की शिकायतों के निराकरण के निर्देश भी दिए। सीईओ श्री मरावी ने कहा कि जिले के समस्त पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों को भर्ती कर जरूरी उपचार प्रदान करने की व्यवस्था करें। जिले में स्थित विभिन्न एनआरसी में 70 क्षमता के विरूद्ध वर्तमान में मात्र 25 बच्चों के भर्ती होने पर नाराजगी जताई और समस्त एसडीएम को भी इस संबंध में आवश्यक समन्वय एवं मॉनीटरिंग कर तीन दिवस में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को संबंधित चिकित्सक एवं विभागीय अमले के माध्यम से साफ-सफाई, भोजन एवं आवश्यक उपचार के संबंध में बेहतर व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने पेंशन हितग्राहियों की समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाईसी की निकायवार प्रगति की जानकारी लेकर शेष प्रकरणों को वार्डवार टीम गठित कर अविलंब निराकरण के लिए कहा। टीएल बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को आगामी 30 अप्रैल तक संचालित होने वाले विशेष अभियान में समग्र ई-केवाईसी कार्य में प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव के निर्देशानुसार समग्र ई-केवाईसी कार्य में प्रति सप्ताह की प्रोग्रेस रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने मोबाइल एप सुविधा के जरिए भी ई-केवाईसी कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही समस्त सचिव एवं रोजगार सहायक की आईडी एक्टिवेट कराने के लिए कहा। जाति प्रमाण पत्र के लंबित मामलों की समीक्षा कर समस्त एसडीएम को प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसके लिए डीपीसी को बीआरसी के माध्यम से कक्षा एक में अध्ययनरत समस्त बच्चों के वांछित दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत शेष प्रभावित परिवारों को अभियान के माध्यम से अथवा शिविर आयोजित कर भू-अर्जन राशि वितरण के निर्देश दिए गए। जिला क्षय अधिकारी के प्रभार में परिवर्तन के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में जल की बूंद-बूंद बचाने हेतु गांव-गांव ली जा रही शपथ



**आगर मालवा।** प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत आगर-मालवा जिले में जल संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशन में जिलेभर में विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। वर्षा जल को सहेजने एवं पानी की बूंद-बूंद बचाने हेतु गांव-गांव में कलश यात्रा निकालकर नागरिकों द्वारा शपथ ली जा रही है। साथ ही जनसहयोग से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पुराने एवं एतिहासिक महत्व के जल स्त्रोतों का गहरीकरण, साफ-सफाई एवं जीर्णाद्धार का कार्य किया जा रहा है। सोमवार को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नवांकुर संस्था गरबड़ा द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत ग्राम पिपलिया हमीर में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बालिकाओं ने अपने सिर पर जल से भरे कलश उठाकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए ग्रामीणजनों को जल का महत्व बताकर जल संरक्षण करने का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्रामीणजनों को बूंद-बूंद बचाने के लिये शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जिसमें नवांकुर संस्था के अध्यक्ष कालू सिंह, सचिव शंकर सिंह राजपूत तथा समिति के सदस्य एवं परामर्शदाता श्यामलाल वर्मा, छात्र कुलदीपक सिंह चौहान, जीवन सेन, विक्रम प्रजापत, कमल सेन, नागुलाल, बाबूलाल, प्रभु लाल, दिनेश कुंभकार, अशोक राठौड, मुस्कान नायक, कृष्णा मालवीय, ममता मालवीय, सपना सोनगरा आदि सम्मिलित रहे।

## काम करने गए दिव्यांग की कुएं में मिली लाश

**कटनी।** जिले के बरही क्षेत्र अंतर्गत खेत में काम करने गए एक दिव्यांग युवक का शव आधी रात में कुएं से बरामद होने पर परिजनों ने हादसे को छिपाने के लिए इसे साजिश करार दिया है। युवक की संदिग्ध मौत होने का यह मामला बरही थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डीधी का है। ग्राम गोहावल के युवक को डीधी गाँव का युवक अपने साथ खेत ले गया था। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी मुताबिक मृतक गोहावल निवासी रामप्रताप पिता रामविशाल पटेल 28 वर्ष को डीधी निवासी राकेश पटेल पिता कमला पटेल 35 वर्ष रविवार की शाम करीब 6 बजे गोहावल से डीधी खेत मे हेल्प कराने ले गया था, जिसका शव डीधी बस्ती स्थित कुएं से बरामद किया गया। सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम उपरान्त मर्ग कायम करते हुए बरही पुलिस पूरे मामले की विवेचना में जुट गई है।

### पिता ने पुलिस को दी घटना की जानकारी

मृतक को अपने साथ राकेश ले गया था, जबकि राकेश के पिता कमला पटेल ने रात के 10 बजे गोहावल पहुंचकर मृतक के परिजनों को जानकारी दी कि रामप्रताप कुएं में गिर गया है, जिसकी मौत हो चुकी है। यह खबर मिलते ही परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। मृतक





रामप्रताप के शव को पुलिस की मौजूदगी में रात 1 बजे बाहर निकाला गया। पंचनामा कार्यवाई उपरान्त रात में ही शव को बरही अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। युवक की संदेहास्पद मौत से सवाल खड़े हो रहे है। मृतक के परिजनों का आरोप था कि राकेश खेत में ट्रेक्टर चला रहा था, जबकि मृतक से पलाई जलवाई जा रही थी, इसी बीच ट्रेक्टर उसके ऊपर चढ़ गया, जिससे बचने के लिए शव को कुएं में फेंक दिया गया। सवाल यह भी उठता है कि मृतक को राकेश लेकर गया था, लेकिन उसके कुएं में होने की जानकारी उसके पिता ने दी। मृतक जब खेत में था तो कुएं में कैसे पहुंच गया, इन सारे पहलुओं की पड़ताल करने में बरही पुलिस जुट गई है।

तिलक महाविद्यालय में अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी समारोह का हुआ आयोजन

## लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन राष्ट्र पुनरुत्थान की संकल्पना का जीवंत उदाहरण

**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक महाविद्यालय में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी समारोह का आयोजन सोमवार को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. इला घोष सेवानिवृत्त प्राचार्य, पीयूष अग्रवाल जनभागीदारी अध्यक्ष, डॉ. अशोक श्रीवास्तव प्राध्यापक हिन्दी और सेवानिवृत्त प्राचार्य, समाजसेविका नीतू कनकने एवं उमा बहरे की मौजूदगी रहीं। कार्यक्रम में जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण और प्रज्ज्वलन के साथ ज्योत्स्ना सोनी द्वारा सरस्वती गीत से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई ने अतिथियों का स्वागत उद्बोधन किया। कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन के




लिए राजनीतिशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. के.पी. मिश्रा ने की। डॉ. मिश्रा जी ने अपने वक्तव्य में लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन राष्ट्र पुनरुत्थान की संकल्पना का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने अपने राज्य और समाज के हर पहलू में सुधार करने की कोशिश की। उनका दृष्टिकोण था कि एक समृद्ध राष्ट्र तभी संभव है जब समाज में समानता, शिक्षा और धार्मिक सहिष्णुता हो। उन्होंने भारतीय समाज के सभी वर्गों को एक साथ लाने और उन्हें समान अधिकार देने की दिशा में अहम कदम उठाए। उनका जीवन यह साबित करता है कि यदि नेतृत्व में दृढ़ निष्ठा और और समाज की भलाई का उद्देश्य हो, तो कोई भी समस्या हल की जा सकती है। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और उनकी संकल्पना आज भी हमें प्रेरित करती है। डॉ. इला घोष ने भी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व एवं कार्यकुशल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज वर्तमान समय में हमें उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए और नित-प्रतिदिन आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उनका पूरा जीवन हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं




**भोपाल ।** कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया।जनसुनवाई में आए नागरिकों से 106 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एडीएम श्री भूपेन्द्र गोयल, श्री अंकुर मेश्राम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री सिंह ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## प्रतिष्ठा पूर्ण दिगंबर विद्यालय के चुनाव में विजयी सदस्यों का स्वागत सम्मान



भोपाल। दिगम्बर जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवनिर्वाचित सदस्यों का स्वागत भोपाल रविवार को दिगंबर जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संपन्न हुए चुनाव में विजय रहे सदस्यों का परसमाज के आलोक जैन पंचतंत्र और अमित जैन तड़ैया ने स्वागत वंदन कर शुभकामनाएं देकर अपने कार्यकाल में कार्यकाल में स्कूल को विकास की ऊंचाइयों तक ले जाएं, विजय हुए समिति सदस्य और मत.सुनील जैन पब्लिशर्स 626.सुधीर नरपत्या 565.अलोक पंचरत्न 556. अभिषेक जैन 524.डॉ अनुराग जैन 514.अनुराग पवैया 490. विमल भण्डारी 473.रितेश जैन गोल्ड 472.ऋषभ जैन कोतवाली 455.मनीष सोगानी 444.आयुष मोदी 440.वैभव जैन CA 435.अरविंद टढैया 430. मनोज जैन ADV 428. नितेश जैन मामा 425 इस अवसर पर सम्मान से अभिभूत सभी सदस्यों ने मतदाताओं का आभार माना विजय होने पर सेवा भारती,श्री हिन्दू उत्सव समिति, शहीद बीरबल ढालिया जन कल्याण परिषद और कई सामाजिक संगठनो ने बधाई दी हे।

## शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में संतुलित पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका: डॉ. खरे



भोपाल, नप्र।अंतर्राष्ट्रीय विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में एनसीसी, एनएसएस, आईआईसी और ई-सेल के संयुक्त तत्वावधान में एक जीवंत और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना और समग्र स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ आहार विषय पर डॉ. विभा खरे, विभागाध्यक्ष, खाद्य एवं पोषण विभाग द्वारा दिया गया व्याख्यान।

डॉ. खरे ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में संतुलित पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और छात्रों को सचेत भोजन व आहार संबंधी व्यवहारों के व्यावहारिक सुझाव प्रदान किए। स्वास्थ्य और जागरूकता की थीम को ध्यान में रखते हुए, एन.सी.सी. की कैडेट भूमिका ने कार्यक्रम में एक स्फूर्तिदायक योग सत्र एवं उसके पश्चात एक निर्देशित ध्यान अभ्यास भी आयोजित किया। इन सत्रों का उद्देश्य तनाव को कम करना, एकाग्रता बढ़ाना और आंतरिक शांति को बढ़ावा देना था।

कॉलेज की प्राचार्या डालिमा पारवानी ने आयोजन से जुड़े सभी इकाइयों के प्रयासों की सराहना की और युवाओं के जीवन में स्वास्थ्य जागरूकता को अपनाने के महत्व को दोहराया, जो एक स्वस्थ राष्ट्र की नींव हैं। आयोजन प्रभारी डॉ. शान्ती शर्मा ने सभी छात्राओ एवं शिक्षको को आभार प्रकट किया।



## चुनाभट्टी मां काली के दरबार में लगी भक्तों की भीड़

**भोपाल।** शिव कालिका मंदिर चुना भट्टी पर रामनवमी के पावन पर्व पर विशाल महा आरती की गई यह जानकारी मंदिर के संचालक शिव यादव ने मीडिया को दी उन्होंने बताया कि माता रानी के दर्शन के लिए सुबह से ही यहां पर भीड़ लगी हुई है ऐसा माना जाता है इस मंदिर पर जो भी सच्चे मन से अपनी मुराद लेकर आता है उसकी सभी मुरादे पूरी होती है यह हम नहीं कहते यह जनता कहती है और इस बात का यह नजारा नजर आ रहा है कि यहां पर माताएं बहनों की इतनी भीड़ लगी हुई है यहां की मां काली की मनमोहक प्रतिमा सभी का मन को मोह लेती है।

## सौरभ शर्मा की जमानत के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस ने संत नगर में किया प्रदर्शन

भोपाल, नप्र। भ्रष्टाचार में लिप्त सौरभ शर्मा मामले में पुलिस के लचीलेपन के कारण मिली जमानत के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक मारण के नेतृत्व में बडी संख्या में उपस्थित पुलिस बल की मौजुदगी में मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला जलाने का प्रयास किया गया। प्रदर्शन के दौरान यहां पर मौजूद तीन थानों की पुलिस से पुतले को लेकर बीस मिनट तक झुमाझटकी चलती रही। यहां पर भाजपा के कार्यकर्ता भी पहुंच गए थे पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला छिन लिया। कांग्रेस पार्षद एवं ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारण कहा कि सौरभ शर्मा की कार से 52 किलों सोना और नगदी और चांदी बरामद होती है पुलिस द्वारा समय पर चलान जमा न करने के कारण सौरभ शर्मा को जमानत मिल जाती इस यह सिद्ध होता है कि सौरभ शर्मा के कनेक्शन बडे-बडे अधिकारियों एवं मंत्रियों के साथ है अन्यथा इतने बडे भ्रष्टाचार में लिप्त व्यक्ति को जमानत मिलना असंभव है। यहां पर उपस्थित प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता त्रिलोक दीपानी ने कहा कि जिसे जेल में होना चाहिए उसे जमानत मिल गई इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार कितना फैला हुआ है। दिनेश मेघानी, सोनु तोमर, जीतु बलवा ने कहा कि कांग्रेस इस मामले लगातार प्रदर्शन कर पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री का पुतला दहन करती रहेगी। कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी भी की।

## न्यू भोपाल सराफा ऐसोसिएशन भोपाल के आनंद सोनी तीसरी बार बने निर्विरोध अध्यक्ष

भोपाल। न्यू भोपाल सराफा एसोसिएशन भोपाल के चुनाव एक निजी होटल में संपन्न हुए जहां पर सर्वसम्मति से तीसरी बार दस नंबर मार्केट के सोनी ज्वेलर्स के संचालक आनंद सोनी पूर्व सरपंच को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया उनके अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात उन्होंने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की जो निम्न अनुसार है। संरक्षक बृजभूषण जौहरी, राकेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, राम पंजवानी, मनोज जैन ,अशोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष रविंद्र साहू ,सुमित अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, शशांक बजाज ,सचिव प्रसेनजीत सोनी , कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ,महामंत्री नितेश अग्रवाल ,प्रवक्ता सुमंत सोनी, कार्यकारिणी सदस्य अंशुल अग्रवाल, सतीश सोनी ,सुबोध साहू ,अनूप राजपूत ,शाह जी घोषणा हुई उसके बाद सर्राफा व्यापारी मनोज जैन की दुकान पर जो लूट हुई थी जिसमें उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर चोर को पकड़ा था उसके लिए उन्हें न्यू भोपाल सराफा एसोसिएशन के द्वारा उनकी बहादुरी के लिए उनका शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।



एटीपी मास्टर्स

# बोपन्ना की बड़ी उपलब्धि, एटीपी मास्टर्स का मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 45 साल के बोपन्ना ने मोंटे कार्लो मास्टर्स 2025 के दौरान यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज की। बोपन्ना ने अमेरिका के अपने पार्टनर बेन शेल्टन के साथ फ्रांसिसको केरुंडोलो और अलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 7-5 से हराया। भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। 45 साल के बोपन्ना ने मोंटे कार्लो मास्टर्स 2025 के दौरान यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज की। बोपन्ना ने अमेरिका के अपने पार्टनर बेन शेल्टन के साथ फ्रांसिसको केरुंडोलो और अलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 7-5 से हराया।

## नेस्टोर के नाम था रिकॉर्ड

बोपन्ना से पहले यह रिकॉर्ड कनाडा के डेनियल नेस्टोर के नाम था जिन्होंने 2017 में 44 साल आठ महीने की उम्र में मैच जीता था। नेस्टोर और फ्रांस के फैबरिस मार्टिन ने बोपन्ना और पाब्लो कुएवास को राउंड ऑफ 32 में 6-3, 6-2 से हराया था। बोपन्ना का मोंटे कार्लो टूर्नामेंट में सामना अब इटली की जोड़ी सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी से होगा।

## कुछ समय से खराब फॉर्म में गुजर रहे हैं बोपन्ना

शेल्टन और बोपन्ना की एटीपी रैंकिंग में विश्व की 14वें नंबर की जोड़ी ने फ्रांसिसको और ताबिलो की जोड़ी को महज 71 मिनट में हराया। बोपन्ना पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल के नुनो बोर्ग्स के साथ खेलने के बाद बोपन्ना दुबई टेनिस चैंपियनशिप, इंडियन वेल्स मास्टर्स और मियामी ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने में असफल रहे थे।



आईपीएल 2025: हार्दिक से फाइट पर बोले क्रुणाल

# आखिरकार एक पांड्या बाजी मार गया





**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई की टीम जब 99 रन पर चार विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी तो क्रीज पर आए हार्दिक पांड्या ने ताबड़तोड़ शॉट लगाए। इस दौरान आरसीबी की ओर से खेल रहे उनके बड़े भाई क्रुणाल ने भी उन्हें गेंदें फेंकी जिसपर हार्दिक बड़े शॉट लगाने में सफल रहे। उस ओवर के दौरान दोनों में तीखी बातचीत भी होते देखी गई। सोशल मीडिया पर जब इसकी तस्वीरें वायरल हुईं तो मैच खत्म होने के बाद क्रुणाल पांड्या ने इस पर बात की। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हमारे (हार्दिक और मेरे) बीच जो रिश्ता है, हम जानते थे कि केवल एक पंड्या ही जीतने वाला है, एक-दूसरे के लिए हमारा प्यार और स्नेह बहुत स्वाभाविक है। क्रुणाल ने कहा कि उसने (हार्दिक) वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की और मुझे उसके लिए दुख है, लेकिन हम (हमारी टीम) जीते और यह सबसे महत्वपूर्ण है। जब मैं गेंदबाजी करने आया, तो सेंटनर बल्लेबाजी कर रहे थे और लेग साइड छोटी थी और पिछले 10 वर्षों में मैंने जितने भी मैच खेले हैं, किसी न किसी समय अनुभव की जरूरत थी। एक गेंदबाज के रूप में, कभी-कभी आप प्रतिबद्ध होना चाहते हैं और 100 प्रतिशत प्रतिबद्ध होना महत्वपूर्ण है और इससे निष्पादन में मदद मिलती है।

एंडी (फ्लावर) और मैं एलएसजी में 2 साल तक रहे और एंडी को व्यक्तिगत रूप से जानना अच्छा था और जिस तरह से हम एक टीम के रूप में आगे बढ़ रहे हैं, हम बहुत अच्छे मानसिक स्थिति में हैं। रजत ने जिस तरह से शुरुआत की है, वह शानदार रहा है और वह आपको आत्मविश्वास देता है और आपकी गेम प्लान का भी समर्थन करता है। वह बहुत शांत है और चीजों को जटिल नहीं बनाता है। जितेश शानदार रहे हैं, उन्होंने अपने खेल में सुधार किया है और बल्लेबाजी करते समय उनकी खेल के प्रति जागरूकता शीर्ष स्तर की है। दस्ताने के साथ वह हमेशा असाधारण रहे हैं। मैं बस अपना सिर नीचे रखना चाहता हूं और जीतना जारी रखना चाहता हूं।

## अंक तालिका में आरसीबी तीसरे स्थान पर

जीत के साथ बेंगलुरु की टीम 4 मैचों में तीन जीत के साथ तीसरे स्थान पर आ गई है। आरसीबी ने सीजन में सिर्फ गुजरात टाइटंस से 8 विकेट से मुकाबला गंवाया था। वह कोलकाता, चेन्नई और अब मुंबई को हरा चुकी है। पांच मैचों में 4 हार के साथ अंक तालिका में मुंबई इंडियंस आठवें स्थान पर आ गई है। उनके बाद 9वें पर चेन्नई सुपर किंग्स तो 10वें पर सनराइजर्स हैदराबाद बनी हुई है।

# भुवनेश्वर कुमार के नाम जुड़ा सबसे बड़ा रिकॉर्ड, इस मामले में बन गए नंबर वन

**मुंबई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग में तेज गेंदबाजों ने अपनी धारदार गेंदबाजी से बल्लेबाजों को हमेशा परेशान किया है और इस लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पेसरों की सूची में भुवनेश्वर कुमार ने बाजी मार ली है। 179 मैचों में 184 विकेट के साथ भुवनेश्वर आईपीएल के सबसे सफल तेज गेंदबाज बन गए हैं। यह आंकड़ा उनकी निरंतरता और स्विंग गेंदबाजी की कला का सबूत है।

भुवनेश्वर ने वेस्टइंडीज के दिग्गज ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 161 मैचों में 183 विकेट हैं। ब्रावो, जो अपनी धीमी




गेंदों और यॉर्कर के लिए मशहूर थे, अब इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे नंबर पर श्रीलंका के लसिथ मलिंगा हैं, जिन्होंने 122 मैचों में 170 विकेट लिए और मुंबई इंडियंस को कई खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई।

चौथे स्थान पर भारत के मौजूदा स्टार जसप्रीत बुमराह हैं, जिन्होंने 134 मैचों में 165 विकेट हासिल किए हैं। बुमराह की डेथ ओवर्स में सटीक यॉर्कर और गति ने उन्हें इस सूची में तेजी से ऊपर पहुंचाया है। वहीं, पांचवें नंबर पर उमेश यादव हैं, जिन्होंने 148 मैचों में 144 विकेट लिए और अपनी रफ्तार से बल्लेबाजों को परेशान किया।

## ट्रंप के शुल्क बढ़ाने से भारत में उत्पादन बढ़ाने के अवसर

# एप्पल, सैमसंग विनिर्माण स्थानांतरित करने पर किया जा रहा रहा विचार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीनी उत्पादों पर शुल्क में 54 प्रतिशत हालिया वृद्धि ने वैश्विक तकनीकी कंपनियों को अपनी उत्पादन योजनाओं पर पुनः विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। भारत में स्मार्टफोन के निर्यात में प्रमुख भूमिका निभाने वाली कंपनी एप्पल के लिए यह एक अवसर हो सकता है, क्योंकि भारत में शुल्क दर केवल 27 प्रतिशत है, जो अमेरिका के मुकाबले काफी कम है।



भारत के लिए अवसर विशेषज्ञों का कहना है कि भारत का मौजूदा निर्माण इकोसिस्टम में एप्पल के घटक आपूर्तिकर्ता फॉक्सकॉन और टाटा ग्रुप जैसे दिग्गज शामिल हैं। इसके अलावा अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता होने पर भारत की स्थिति और मजबूत हो सकती है। एक वरिष्ठ उद्योग अधिकारी ने कहा, एप्पल, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी कंपनियों का समर्थन भारत के लिए इस व्यापार समझौते में अमेरिका से अच्छे शर्तें प्राप्त करने में मदद कर सकता है।

नए प्रतिस्पर्धियों से खतरा हालाँकि भारत को कई लाभ हो सकते हैं, लेकिन सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और ब्राजील जैसे नए प्रतिस्पर्धी देशों से खतरा भी हो सकता है। ये देश पहले ही 10 प्रतिशत की कम शुल्क दर का लाभ उठा रहे हैं, जो भारत के मुकाबले आकर्षक हो सकता है। उद्योग संघों ने चिंता जताई है कि इन देशों में विशेष आर्थिक क्षेत्र और सस्ती श्रमिक लागत की वजह से वैश्विक निर्माता वहां निवेश करने पर विचार कर सकते हैं।

भारतीय सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के एक अधिकारी ने कहा, कई विकासशील देशों को भारत से कम शुल्क दर प्राप्त है, जैसे ब्राजील, तुर्की, सऊदी अरब,॰श्च (सभी 10 प्रतिशत) और फिलीपींस (17 प्रतिशत)।॰श्च और सऊदी अरब तत्काल खतरे के रूप में उभर सकते हैं, क्योंकि इन देशों में निर्माण लागत काफी प्रतिस्पर्धी है।

सैमसंग की वैश्विक रणनीति पर विचार सैमसंग अपने वैश्विक उत्पादन रणनीति की समीक्षा कर रहा है, जो मुख्य रूप से वियतनाम पर निर्भर है, क्योंकि अमेरिका ने वियतनाम से होने वाले निर्यात पर 46 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। सैमसंग का वियतनाम से अनुमानित 55 बिलियन का निर्यात अमेरिका और अन्य प्रमुख बाजारों में होता है। विश्लेषकों का कहना है कि इस स्थिति में भारत सैमसंग के लिए एक पसंदीदा विकल्प बन सकता है। एक उद्योग विशेषज्ञ के अनुसार, यह सैमसंग के लिए भारत में स्मार्टफोन उत्पादन बढ़ाना अधिक लाभकारी और सरल बना सकता है।

भारत का वर्तमान लाभ और व्यापार वार्ता हालांकि भारत के पास वर्तमान में कुछ लाभ हैं, लेकिन व्यापार वार्ताओं का परिणाम इसके वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में स्थिति को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यदि भारत पर इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए शुल्क दर 27 प्रतिशत पर बनी रहती है, तो कुछ कंपनियाँ फिर भी कम शुल्क वाले देशों में शिफ्ट करने पर विचार कर सकती हैं। एक उद्योग अधिकारी ने कहा, कम शुल्क वाले देशों में शिफ्टिंग बढ़ती निर्माण लागत को रोकने के लिए आवश्यक हो सकती है, जिससे महंगाई बढ़ सकती है और अमेरिकी उपभोक्ता मांग पर असर पड़ सकता है।

भारत को एक वैश्विक निर्माण हब के रूप में मजबूती से स्थापित करना जैसे-जैसे दुनिया की बड़ी तकनीकी कंपनियां अपनी उत्पादन योजनाओं को बदल रही हैं। भारत को वैश्विक निर्माण हब के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए अच्छे व्यापार शर्तों पर मोल-भाव करना होगा। नीति समर्थन और व्यापार गठबंधनों को बढ़ाना भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण होगा।

# अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की उलटी गिनती शुरू



**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के प्रतिष्ठित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए 75 दिन की उलटी गिनती की औपचारिक शुरुआत हुई। न्यूयॉर्क स्थित भारत के वाणिज्य दूतावास ने योग दिवस में 75 दिन शेष नामक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम 21 जून को दुनिया भर में मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का हिस्सा है। बारिश भरी सोमवार की सुबह, मैनहट्टन और न्यू जर्सी के विहंगम दृश्यों के बीच यह योग सत्र 1,776 फुट ऊंची वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर स्थित 'वन वर्ल्ड ऑब्जर्वेटरी में संपन्न हुआ। भारत के वाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह लगभग एक घंटे का योग सत्र अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 75 दिनों की उलटी गिनती के उत्सव का प्रतीक है। 'आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की प्रतिष्ठित योग प्रशिक्षक रुचिका लाल ने इस विशेष सत्र का नेतृत्व किया जिसमें उप वाणिज्य दूत विशाल हर्ष, भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य, छात्र और योग प्रेमी शामिल हुए। भारत के वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर लिखा, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल से बिनय प्रधान ने आत्मिक योग सत्र के साथ उलटी गिनती की शुरुआत की। पोस्ट में कहा गया, इस सत्र में योगासन, श्वसन क्रिया और आत्म-जागरूकता की तकनीकें शामिल रहीं। इस अवसर ने भारतीय प्रवासी समुदाय और भारत के मित्रों को स्वास्थ्य, सद्भाव और समग्र जीवन शैली अपनाने के लिए एकजुट किया। रुचिका लाल ने कहा, जिस स्थान ने इतिहास की सबसे भयावह आतंकी घटना देखी।

# रनवे से फिसलकर पानी में जा गिरा कॉरपोरेट विमान, बाल-बाल बचे लोग




**नॉर्थ बेंड (ओरेगन), एजेंसी।** अमेरिका में एक और विमान हादसे का शिकार हो गया। गनीमत रही कि विमान में सवार यात्रियों की जान बच गई। मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को दक्षिणी ओरेगन में एक छोटा कॉरपोरेट विमान रनवे से फिसलकर पानी में जा गिरा। हादसे में पांच लोग घायल हो गए। सोशल मीडिया पर पोस्ट में एयरपोर्ट ने बताया कि विमान साउथवेस्ट ओरेगन रीजनल एयरपोर्ट के नॉर्थ बेंड में रनवे से फिसल गया और कूस बे में जा गिरा। हादसा सोमवार सुबह 6:15 बजे हुआ। एयरपोर्ट ने बताया कि विमान में सवार पायलट और चार यात्रियों को बचा लिया गया है, उन्हें अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल सभी की हालत स्थिर है। एयरपोर्ट ने बताया कि सोमवार शाम को दो लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। एक को भर्ती कराया गया है, जबकि दूसरे की अभी भी जांच की जा रही है। बताया गया कि पांचवें व्यक्ति को आगे के इलाज के लिए इलाके से बाहर अच्छे अस्पताल में भेज दिया गया है। एयरपोर्ट ने बताया कि 2019 होंडा एचए-420 को नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड से अनुमति मिलने के बाद पानी से निकाला गया। विमान सेंट जॉर्ज, यूटा से ओरेगन आ रहा था।

# ट्रंप और नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस में गाजा बंधकों और टैरिफ पर चर्चा की

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस में मुलाकात की। इस मुलाकात में गाजा बंधक संकट और इजरायली वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ पर चर्चा हुई। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान, ट्रंप ने गाजा में बंधकों की रिहाई को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने चल रही वार्ताओं के बारे में आशा व्यक्त की, लेकिन कोई विशिष्ट विवरण नहीं दिया। ट्रंप ने कहा, हम प्रगति कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि हम जल्द ही सभी बंधकों को घर वापस ले आएंगे।



नेतन्याहू ने इस पर सहमति जताते हुए बंधकों की आजादी सुनिश्चित करने के लिए इजरायल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, उन्होंने इजरायल और हमास के बीच अस्थिर युद्ध विराम पर भी बात की। हालांकि उन्होंने किसी नए समझौते की घोषणा नहीं की, लेकिन दोनों ने क्षेत्र में हिंसा को कम करने के महत्व पर जोर दिया। ट्रंप ने हाल ही में इजरायल से आयात पर 17 प्रतिशत टैरिफ लगाने का बचाव किया, जो उनकी व्यापक व्यापार नीति का हिस्सा है और कई अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहा है।

नेतन्याहू ने कथित तौर पर इन शुल्कों से राहत मांगी, तथा संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों को मजबूत करने के इजरायल के प्रयासों पर प्रकाश डाला। 2024 में, दोनों देशों के बीच कुल वस्तु व्यापार 37.0 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जिसमें इजरायल को अमेरिकी निर्यात 14.8 बिलियन डॉलर और इजरायल से आयात 22.2 बिलियन डॉलर होगा, जिसके परिणामस्वरूप अमेरिका का व्यापार घाटा 7.4 बिलियन डॉलर होगा।

इजरायली अधिकारियों के अनुसार, नेतन्याहू की व्हाइट हाउस यात्रा की व्यवस्था पिछले गुरुवार को दोनों नेताओं के बीच फोन पर हुई बातचीत के दौरान की गई थी, जब नेतन्याहू ने टैरिफ का मुद्दा उठाया था। व्हाइट हाउस ने शुरू में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की योजना बनाई थी, लेकिन बिना किसी स्पष्टीकरण के इसे रद्द कर दिया गया। इसके बजाय, पत्रकारों ने ओवल ऑफिस मीटिंग में सवाल पूछे। ट्रंप ने इस बैठक के दौरान गाजा के पुनर्विकास के लिए किसी दीर्घकालिक योजना पर चर्चा नहीं की। उनके प्रशासन ने पहले भी इस क्षेत्र के लिए विवादास्पद विचार प्रस्तावित किए हैं, जिनकी विभिन्न समूहों द्वारा आलोचना की गई है।

# लोक अदालत में विद्युत बिल भुगतान में आकर्षक छूट का लाभ प्राप्त करें



**हरदा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्रीमती तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को विशेष न्यायाधीश व नोडल अधिकारी, नेशनल लोक अदालत जयदीप सिंह की अध्यक्षता में ए.डी.आर. सेंटर में विद्युत विभाग से संबंधित प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण करने के लिये विद्युत विभाग के अधिकारी व अधिवक्ता के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम निमिष राजा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर, जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे, उप-महाप्रबंधक अभय कुमार गोप, उप-महाप्रबंधक संदीप शाक्य तथा विद्युत विभाग के अधिवक्ता संजय गौर उपस्थित थे। बैठक में विशेष न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी सिंह ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को न्यायालय में लंबित सभी विद्युत प्रकरणों में नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होने बैठक में निराकृत होने वाले संभावित प्रकरणों के संबंध में भी विचार-विमर्श किया तथा लंबित प्रकरणों में राजीनामे की संभावना की समीक्षा की।

### नेशनल लोक अदालत में विद्युत के मामलों के निराकरण के लिए छूट जारी

विद्युत विभाग से संबंधित प्रकरणों में ऊर्जा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार 10 मई, 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में आकंलित सिविल दायित्व की राशि रूपये 10 लाख तक के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों पर 30 प्रतिशत एवं लिटिगेशन प्रकरणों पर 20 प्रतिशत छूट रहेगी। साथ ही आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले चक्रवृद्धि ब्याज की 100 प्रतिशत छूट प्रदाय की जायेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे अपने मामलों का निराकरण 10 मई, 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में कराकर नेशनल लोक अदालत के लिए प्रावधानित छूट का लाभ प्राप्त करें।

## शिक्षकों की मांगों को लेकर डीईओ को सौंपा ज्ञापन

### हरदा में वेतन, एरियर्स और अनुकंपा नियुक्ति समेत 6 प्रमुख मुद्दों को लेकर हुए एकजुट




**हरदा।** हरदा में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी को मांगों का ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि जिले में परामर्श दात्री की बैठक पहले दो बार होती थी। अब यह बैठक स्थगित हो गई है। इससे कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। संघ ने मांग की है कि इस बैठक को प्रतिमाह आयोजित किया जाए। शिक्षकों की प्रमुख मांगों में मार्च 2025 का वेतन शीघ्र जारी करना शामिल है। नव नियुक्त अध्यापकों को डीए का एरियर दिया जाए। अनुकंपा नियुक्ति के लंबित आदेश जारी किए जाएं। क्रमोन्नति का एरियर्स अभी तक जमा नहीं हुआ है। जनवरी 2024 से अक्टूबर 2024 तक का 4प्रतिशत एरियर्स भी बकाया है। कुछ शिक्षकों को टैबलेट की राशि भी नहीं मिली है।

**ये रहे मौजूद**

ज्ञापन सौंपने के दौरान राज्य महामंत्री भागवत मोहनिया, जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा और उपाध्यक्ष राजेश गुर्जर मौजूद थे। इनके साथ प्रयाग रूरे, हरिओम यादव, अजय यदुवंशी, लौकेश धुर्वे, दीपक चिचाम, गंगाधर भोपते, विनोद पाटिल, नितिन चौधरी, संजय सोनारे, सियाराम चौहान, सुशील गुर्जर, वीरेंद्र धनगर और यशवंत राठौर भी उपस्थित रहे।

## जल संवर्धन अभियान के तहत महिलाओं को जल संरक्षण की शपथ दिलाई



**हरदा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रदेश सरकार ने जल संरक्षण एवं संवर्धन को ध्यान में रखते हुए 'जल गंगा संवर्धन अभियान' प्रारंभ किया है। यह अभियान आगामी 30 जून तक जारी रहेगा। इस अभियान के तहत जल स्त्रोतों के गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार जैसे कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोमवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा मॉडल पब्लिक स्कूल के पास लाला लाजपत राय वार्ड स्थित शिव मंदिर मे उपस्थित महिलाओं को अपने आसपास मौजूद जल स्त्रोतों को साफ़ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर सभी महिलाओं को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद श्रीमती बिंदु गुर्जर सहित जन अभियान परिषद के परामर्शदाता भी उपस्थित थे।

## केंद्रीय मंत्री उईके ने मोबाइल मेडिकल क्लिनिक को दिखाई हरी झण्डी

**हरदा।** भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने मंगलवार को टिमरनी के शासकीय कन्या शाला स्कूल से रेहटगाँव एवं सिराली तहसीलों के लिए दो निशुल्क मोबाइल मेडिकल क्लीनिक की हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह



सहित अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री उइके ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों की सुविधा के लिये यह मोबाइल मेडिकल क्लिनिक आज रवाना की गई है। इससे पहुँच विहिन क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।

### पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन किया

महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं व बच्चों को स्थानीय संसाधनों के माध्यम से पोषणयुक्त आहार तैयार करने के लिये जागरूक करने हेतु पोषण प्रदर्शनी लगाई गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक लोमेश कुमार गौर द्वारा दिशागोचार प्रकाशन, 26-बी प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल से मुद्रित तथा सी-5 खेतवाली माता मंदिर के पास महाराणा प्रताप कालोनी हरदा जिला हरदा म.प्र. से प्रकाशित
संपादकः- लोमेश कुमार गौर मो. 9826696230 Email-bhuanakimati@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा कोर्ट रहेगा)।